# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),
# बदायूँ।

मा0 कांशीराम आवसीय कालोनी के पीछे, ग्राम– खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601

E-mail –eejalnigambudaun@gmail.com


पत्रांक 1754 / JJM / 76 दिनाँक– 01-06-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– बदायूँ।

विषय– दिनाँक– 01.06.2026 को दैनिक भास्कर समाचार में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनाँक– 01.06.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित समाचार **"सैजनी में जल जीवन मिशन टंकी निर्माण अधूरा छः माह से काम ठप, ग्रामीण आक्रोशित"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– दातागंज की सैजनी ग्रामीण पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक बाउन्ड्री बाल, पम्प हाउस और पाईप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवर जलाशय का निर्माण कार्य वजट आवंटन के आभाव में बाधित रहा जिस हेतु फर्म को पुनः कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया है कि एक सप्ताह के अन्दर कार्य प्रारम्भ कर अवशेष कार्य समय सीमा से पूर्व पूर्ण कराकर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति की जायेगी।

भवदीय

(अमित कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्त

पृ0सं0 एवं दिनाँक– उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बदायूँ।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
6– मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
7– मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेस (TPI Agency) बदायूँ।


अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर

On Google

# सैकनी में जल जीवन मिशन टंकी निर्माण अधूरा: दातागंज में 6 माह से काम ठप, ग्रामीण आक्रोशित

कुंवरपाल | सैजनी(दातागंज), बदायूं    1 दिन पहले



बदायूं के दातागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत सैजनी में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का निर्माण कार्य पिछले छह महीने से रुका हुआ है। इस कारण 'हर घर नल, हर घर जल' योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें गहरा आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, टंकी का निर्माण कार्य जमीन से लगभग चार-पांच फीट ऊपर तक ही पहुंचा था, जिसके बाद अचानक काम बंद कर दिया गया। तब से लेकर अब त[illegible] पड़ा है।

ऐप खोलें

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पाइपलाइन तो बिछा दी